Roll No. ....

MAHL-12 (M. A. Hindi)

Second Year Examination-2015

MAHL- 201

कथा साहित्य

समय : 3 घण्टे | पूर्णांक : 60

नोट : यह प्रश्न–पत्र साठ (60) अंकों का है जो तीन (03) खंडों क, ख तथा ग में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों को हल करना है।

खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरों वाले प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरों वाले प्रश्न दिये गए हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए पन्द्रह अंक निर्धारित हैं । शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।   (2×15=30)

1. हिन्दी गद्य के उद्‌भव की परिस्थितियों का आकलन कीजिए।

2. 'नयी कहानी' पर एक विस्तृत निबंध लिखिए।

3. प्रेमचंद–पूर्व हिन्दी उपन्यासों के संसार पर निबंध लिखिए।

4. कहानी क्या है? उसके प्रमुख भेद बताते हुए तत्वों को भी सविस्तार समझाइए।

खण्ड-ख

(लघु उत्तरों वाले प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरों वाले प्रश्न दिये गए हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए पाँच (05) अंक निर्धारित हैं । शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

(4×5=20)

1. उपन्यास क्या है?
2. प्रेमचंद की कहानियों का मूल्यांकन कीजिए।
3. 'बड़े भाई साहब' कहानी शिक्षा संसार की विसंगतियों को उजागर करती है, कैसे?
4. 'सुहागिनी' कहानी की समीक्षा कीजिए।
5. 'त्यागपत्र' के किसी पात्र का विश्लेषण कीजिए।
6. 'उसने कहा था' कहानी कथा साहित्य के इतिहास में मील का पत्थर है, कैसे?
7. साहित्यकार जैनेन्द्र कुमार पर परिचयात्मक टिप्पणी लिखिए।
8. कथा तत्वों के आधार पर 'अपना-अपना भाग्य' का मूल्यांकन कीजिए।

खण्ड-ग

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गए हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। (10×1=10)

सत्य/ असत्य का चयन करें:

1. 'उसने कहा था' कहानी के लेखक पं. चंद्रधर शर्मा गुलेरी हैं।
2. 'बड़े भाई साहब' के लेखक जैनेन्द्र कुमार हैं।
3. 'त्यागपत्र' जैनेन्द्र कुमार की प्रसिद्ध कहानी है।
4. 'गबन' वृंदावनलाल वर्मा का उपन्यास है।
5. 'दोपहर का भोजन' कहानी विधा की रचना है।

रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए:

6. 'गोदान' मुख्यत: .... का आख्यान है।

   (किसान जीवन, उद्योग संसार, भूमंडलीकरण)

7. डिप्टी-कलक्टरी के लेखक .... हैं।

   (अमरकान्त, प्रेमचंद, जयशंकर प्रसाद)

8. 'तमस' उपन्यास भारतीय उपमहाद्वीप में फैली .... का खुलासा करता है।

   (सांप्रदायिक सोच, सामाजिक अंतर्विरोध, पारिवारिक विसंगति)

9. ‘आखिरी कलाम’ उपन्यास के लेखक .... हैं।

(काशीनाथ सिंह, दूधनाथ सिंह, मार्कण्डेय)

10. ‘परती परिकथा’ की कथाभूमि .... है।

(बिहार, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश)